डॉ. एम. अंगमुथु, भा.प्र.से.

अध्यक्ष

डॉ. एम. अंगमुथु, असम-मेघालय कैडर (2002) के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत मुंबई पत्तन प्राधिकरण, मुंबई के अध्यक्ष (संयुक्त सचिव स्तर) के पद पर उन्हें दि. 13.10.2027 तक के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने दि. 22.9.2025 को मुंबई पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला।

डॉ. एम. अंगमुथु, भा.प्र.से., तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले के मूल निवासी हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) से बागवानी में विशेषज्ञता के साथ कृषि में डॉक्टरेट की उपाधि और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना से बागवानी में स्नातकोत्तर की उपाधि तथा तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर से कृषि में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने असम के जोरहाट जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में अपना कार्यकाल प्रारंभ किया। वे लोक प्रशासन के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक अनुभव रखते हैं ।

अपने कार्यकाल के छोटे से समय में ही उन्हें जन-केंद्रित पहलों से लेकर बुनियादी ढाँचे के निर्माण तक, कार्य के विविध क्षेत्रों में संलग्न होने का गौरव प्राप्त है। उन्हें गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने गुवाहाटी बायो-टेक पार्क के सीईओ, गुवाहाटी स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, असम शहरी अवसंरचना निवेश कार्यक्रम (एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना) के परियोजना निदेशक और असम सरकार के योजना एवं विकास विभाग के सचिव तथा गुवाहाटी नगर निगम के आयुक्त जैसे विभिन्न प्रभार संभाले हैं ।

असम सरकार के आयुक्त और सचिव के रूप में, उन्होंने जनजातीय और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, सचिवालय प्रशासन विभाग, शहरी विकास विभाग, पर्यटन विभाग, खेल और युवा कल्याण विभाग, तथा संभागीय आयुक्त, उत्तर असम संभाग, तेजपुर, असम जैसे विभागों का नेतृत्व किया है।

वे भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत, भारत से कृषि और अनुषंगी उत्पादों के निर्यात संवर्धन के लिए विशेष रूप से सृजित सर्वोच्च संगठन - कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

(एपीडा) के अध्यक्ष भी रहे हैं । एपीडा के निर्यात में ताज़ा और प्रसंस्कृत फल और सब्ज़ियाँ, अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, अनाज और अनाज उत्पाद, पशुधन उत्पाद, पुष्प उत्पादन और जैविक उत्पाद शामिल हैं।

डॉ. अंगमुथु, विशाखापत्तनम पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष (संयुक्त सचिव स्तर) थे।

डॉ. अंगमुथु ने कार्यक्रम और परियोजना कार्यान्वयन, नेतृत्व विकास, शहरी परिवहन, शहरी जल प्रबंधन, लोक नीति प्रबंधन और ई-गवर्नेंस के क्षेत्रों में देश और विदेश में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।